**Awareness Rally on Cleanliness and Slogan Writing Competition**

**01-10-2024**

Babu Anant Ram Janta College, Kaul, organized a series of events under the joint auspices of the National Service Scheme (NSS) Unit, Youth Red Cross Club, and Legal Literacy Club to mark the birth anniversaries of Mahatma Gandhi and Lal Bahadur Shastri, along with Blood Donation Day. These activities were conducted under the chairmanship of Principal Dr. Rishipal and the guidance of Dr. Sonia Rani, Program Officer and Convenor of the NSS Unit, and Dr. Meenakshi, Convenor of the Youth Red Cross Club.

Themed "Swachhta Hi Seva 2024: Swabhav, Swachhta, Sanskar - Swachhta Abhiyan", the program included a slogan writing competition on cleanliness and blood donation, followed by a cleanliness awareness rally in Kaul village.






दैनिक **भारत देश हमारा**

DAILY BHARAT DESH HAMARA KARNAL

करनाल

Wednesday 2 October, 2024

## बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय में स्वच्छता एवं रक्तदान विषय पर स्लोगन व लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**निसिंग, 1 अक्तूबर ( जोगिंद्र सिंह) :** बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, युवा रेड क्रॉस क्लब एवं कानूनी साक्षरता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की प्रोग्राम अधिकारी एवं संयोजिका डॉ. सोनिया रानी एवं युवा रेड क्रॉस क्लब की संयोजिका डॉ. मीनाक्षी के मार्गदर्शन में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस एवं रक्तदान दिवस और स्वच्छता ही सेवा 2024 के थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार- स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं रक्तदान विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं गांव कौल में स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने गांव कौल में जागरूकता रैली द्वारा सभी ग्राम वासियों को स्वच्छता और सफाई के प्रति जागरूक किया। महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने के लिए सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता शपथ ग्रहण की। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भारती, द्वितीय स्थान अमित, तृतीय स्थान मानसी ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ पुष्पा, डॉ प्रेरणा एवं डॉ अनिता नैन ने निभाई। डॉ. सोनिया ने बताया कि स्वच्छता का हमारे जीवन में बहुत महत्व है हमें अपने आस पड़ोस की सफाई के साथ-साथ अपने विचारों को भी स्वच्छ रखना चाहिए क्योंकि स्वच्छ विचारों में ही स्वच्छ संस्कार समाहित होते हैं। डॉ. मीनाक्षी ने सभी विद्यार्थियों को रक्तदान का महत्व समझाया। प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संयोजिका डॉ सोनिया, डॉ. मीनाक्षी और सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।